तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 8 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 धूमधाम से हुआ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन


10 हेमचंद यूनिवर्सिटी दे रहा सात दिन बाद माइग्रेशन...


## अंचल में गणपति बप्पा की शोभायात्रा निकाल कर किया गया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

### भक्तों ने उतारी आरती और भगवान गणेश को नम आंखों से विदा किया




ब्लॉक बेरला अंचल सहित परिक्षेत्र में गणपति बप्पा के विसर्जन की धूम गांव व शहर की गलियों में शोभायात्रा निकाल कर झूमते-नाचते जयकारे लगाते हुए गांव के समीप तालाब व शिवनाथ नदी में विधि विधान से पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया। बता दें कि ब्लॉक बेरला अंचल के ग्राम मनियारी, मोहभट्ठा, सिंघौरी, खम्हरिया, सलधा, भरदा, लेंजवारा, सरदा, कोदवा, देवरबीजा, भिंभौरी, ढाबा, चोंगीखपरी, परपोड़ा, बोरिया, उफरा, गुधेली आदि ग्रामीण अंचल में भगवान गणेश प्रतिमा की विसर्जन उत्साहित और धूमधाम से डीजे के धुन में झूमते नाचते और जयघोष लगाते हुए शोभायात्रा निकाल कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया। भगवान गणेश की विसर्जन के लिए गांव व शहर गलियों में गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ करके जयघोष के साथ श्रद्धालु व अंचल वासी बाजे गाजे व डीजे की धुन में झूमते नाचते भारी उत्साह के साथ शोभायात्रा निकाल कर विसर्जन किया गया। वही कई समिति व ग्रामीण पुरानी व पारंपरिक भक्ति भाव के साथ सेवा गीत गाजे बाजे, झांज मंझिरा, ढोलक ताल की धुन में सेवकों के अलग अलग सेवा गीतों की धुन में गांव के देवी देवताओं से विदा लेते हुए गली भ्रमण कर गांव में स्थित तालाब व सरोवर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा, ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### ढोल-बाजे के साथ हुआ गणपति बप्पा का विसर्जन

**दाढ़ी।** भादो माह के चतुर्थी तिथि को शहर एंव ग्रामीण क्षेत्रों की चौक चौराहे एंव घर घर विराजमान हुए गणेश जी की विधि विधान से 10 दिवस तक पूजा अर्चना किया गया। ततपश्चात अंनत चतुर्थी के दिन गणपति बप्पा को नदी एंव तालाब में विसर्जित किये गए।इसी की एक झलक ग्रामीण अंचल के अमचो एंव पचभैया में देखने को मिला। जहां बाल गणेशोत्सव समिति अमचो में ग्रामचार्य पंडित श्रीविलास शर्मा द्वारा पूजा-हवन कराकर लंबोदर महाराज की सिहांसन हिलाकर और ढोल बाजे की थाप में भजन गाते हुए नदी ले जाया गया। नदी किनारे बप्पा की महाआरती की गई। ततपश्चात गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ की जयकारे के साथ नदी में विसर्जन किया गया। इस दौरान समिति की ओर से डुकेश्वर चंद्राकर, सागर निर्मलकर, धीरज, तेजस, दुर्गेश, नुतेश्वर,गौकरण,रामु गन्धर्व सहित आसपास के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सुरहोली में धूमधाम से किया गणपति विसर्जन



**बेरला।** ब्लॉक बेरला के निकटवर्तीय अन्तर्गत आने वाले ग्राम सुरहोली में शिव शक्ति गणेश उत्सव समिति गुड़ी चौक के सदस्यों द्वारा भगवान श्री गणेश जी का मूर्ति स्थापित किया गया था जिसे 11 दिन तक विधि विधान से पूजा अर्चना कर पंडित श्रवण दुबे द्वारा हवन पूजन करके शोभा यात्रा निकाल कर गली मोहल्ला में भ्रमण कर दर्री तालाब में पूजा अर्चना कर गांव में सुख शांति और समृद्धि की कामना कर विसर्जन किया गया। जिसमे प्रहलाद वर्मा जनसेवक शत्रुहन वर्मा, घनश्याम वर्मा, मनोज चौहान, हितेश पाटिल, सुरेश साहू, मनीष चौहान, राकीराज वर्मा, राजकुमार वर्मा, सूरज वर्मा कान्हा वर्मा राहुल वर्मा, शोमकांत, निखिल, राहुल, कुणाल, डब्बू, हिना, धनेश्वरी, टाकेश्वरी, मालती, तिगेश्वरी, दीपिका, एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### खारून तट पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

**कुम्हारी ।** श्रद्धा और भक्ति भाव पूर्वक पूजा अर्चना के दस दिन हर्षोल्लास से पूर्ण करने के पश्चात ₹गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ₹ के जयघोष के साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा खारुन तट पर गणेश विसर्जन प्रारम्भ हो गया। कुम्हारी नगर और समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से भी प्रतिमा खारून नदी तट पर लाई जा रही है ।

## सफलता : फिल्मी स्टाइल में व्यापारी से 1.87 लाख की लूट की

# व्यापारी से 1.87 लाख की लूट मामले में पुलिस ने तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

धान बेचकर घर लौट रहे व्यापारी पर तीन बदमाशों ने जैतपुरी मोड़ पर फिल्मी अंदाज में हमला कर 1.87 लाख रुपये लूट लिए।

- 6 दिन बाद पुलिस का बड़ा खुलासा
- सीसीटीवी और त्रिनयन एप से मिला सुराग

बदमाशों ने व्यापारी को ओवरटेक कर बाइक रोकी, चाकू और बेल्ट से धमकाया और जेब में रखी नगदी व मोबाइल झपटकर नवागढ़ की ओर भाग निकले। घटना 1 सितम्बर की दोपहर हुई, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। अब 6 दिन की पड़ताल के बाद पुलिस ने इस सनसनीखेज केस का खुलासा किया है। तीनों आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं।

ग्राम छेरकापुर निवासी व्यापारी मदन मनहर (50) धान का कारोबार करते हैं। 26 अगस्त को उन्होंने भाठापारा मंडी में 87,774 रुपये का धान बेचा था। 1 सितम्बर को वे धान बिक्री की ▶▶|शेष पेज 10 पर



### सीसीटीवी से मिली राह

शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें तीनों आरोपी व्यापारी का पीछा करते नजर आए। नवागढ़ पुलिस ने त्रिनयन एप और तकनीकी विश्लेषण के जरिए सुराग निकाले। पुलिस का कहना है कि वारदात में एक और आरोपी शामिल था, जिसकी तलाश जारी है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पुलिस टीम की अहम भूमिका

इस कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी नवागढ़ उपनिरीक्षक अलील चंद, उप निरीक्षक रघुवीर सिंह, प्रधान आरक्षक गोपाल ध्रुव, अजय बंजारे, लोकेश सिंह, मोहित चेलक, आरक्षक नुरेश वर्मा, रेखन साहू, विनोद सिंह, जयकिशन साहू समेत पूरी टीम ने भूमिका निभाई।

### इस तरह पकड़े गए आरोपी

पुलिस ने सबसे पहले आरोपी कोमल यदु को पकड़ा। उससे पूछताछ में तोसन यदु और डिगेश्वर यदु का नाम सामने आया। तीनों आरोपी रोहरा गांव (भाठापारा) के निवासी हैं। पूछताछ में उन्होंने वारदात स्वीकार की और बताया कि रकम आपस में बांटकर खर्च कर दी। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन मोबाइल, नगदी 20,800 रुपये, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, चाकू और बेल्ट जब्त किए। कुल 65,800 रुपये की संपत्ति बरामद की गई। तीनों आरोपियों—तोसन यदु (24), डिगेश्वर यदु (22) और कोमल यदु (19) को को गिरफ्तार कर 7 सितम्बर को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## नवजात शिशु मामले में पुलिस ने एक युवती को किया गिरफ्तार

### पंन्द्रह दिन बाद मामले का हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

नगर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित जलमोगरा तालाब के पासगत 24 अगस्त को एक बोरी मे जिन्दा नवजात शिशु मिलने से क्षेत्र मे सनसनी फैल गयी थी। वही दूसरे दिन ईलाज के दौरान बच्ची की रायपुर मे मृत्यु भी हो गयी थी। इस मामले मे घटना के पंन्द्रह दिन बाद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है और एक आरोपी युवती को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओ के तहत कार्रवाई की है। युवती ने पुलिस के समक्ष जुर्म कुबुल कर ली है। घटना के बाद नगर सहित क्षेत्र में आक्रोश फूट पड़ा था और भीम रेजीमेंट, छत्तीसगढ़ जोहार पार्टी, छत्तीसगढ़ कांति सेना जैसे समाजिक संगठनो ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपकर आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग रखी थी। जिससे पुलिस भी दबाव में थी और पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती भी बन गया था। थान खम्हरिया में जिन्दा नवजात शिशु को कचरे मे फेके जाने की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिह, सीएसपी कौशिल्या साहू, एसडीओपी मनोज तिर्की तथा थान प्रभारी द्वारिका देशलहरे ने गंभीरता से लेते हुए घटना स्थल की सीसी टीवी फूटेज का सहारा लिया। पुलिस पंन्द्रह दिन तक लगभग 50 से अधिक सीसी टीवी फूटे खंगालती रही। वही डॉग स्क्वैड,फॉरेंसिक एक्सपर्ट,सायबर सेल, क्राईम ब्रांच, आईटी सेल जैसे पुलिस के महत्वपूर्ण अंगो ने विभिन्न पहलूओ पर जांच पड़ताल करती रही। यहा तक की आरोपी का सुराग बताने वाले को 2.25 लाख रूपए का ईनाम भी रखा गया था। गौरतलब है कि नवजात शिशु मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वार्ड क्रमांक 03 निवासी तीजन बाई पिता रमेश्वर पाटिल को नामक युवती को गिरफ्तार किया है। लगातार इस मामले को लेकर पुलिस रात दिन सक्रिय रही तथा सीसी कैमरा फूटेज का सहारा लिया वही आरोपी युवती की गिरफ्तारी के बाद मेडिकल टेस्ट से आरोपी की पुष्टि हुई है। ईधर युवती के गिरफ्तारी का मरार समाज ने विरोध भी कर रहे है। दर्जो समाज के महिला व पुरूषो ने थाना प्रभारी द्वारिका देशलहरे के समक्ष अपनी विरोध दर्ज कराई है।

- अवैध संतान को पैदा कर बदनामी से बचने शिशु को कचरे में फेका

## आद्रभूमि के सीमांकन का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला स्तरीय आर्द्रभूमि सीमा निर्धारण (सीमांकन) कार्य लगातार प्रगति पर है। हाल ही में कलेक्टर ने जिला पंचायत सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें आर्द्रभूमि सीमांकन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर विस्तृत जानकारी दी गई थी। इस अवसर पर एडीएम अनिल वाजपेयी, एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम बेरला दीप्ती वर्मा, एसडीएम साजा पिंकी मनहर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, वन विभाग के अधिकारी और सभी हल्का पटवारी-राजस्व निरीक्षक शामिल हुए थे। प्रशिक्षण उपरांत जिले में स्थल स्तरीय इकाइयों का गठन कर आर्द्रभूमियों के सर्वेक्षण और सीमांकन कार्य को प्रारंभ कर दिया गया है। इसी क्रम में आज जिला बेमेतरा के नगरपालिका क्षेत्र स्थित वेटलैंड आईडी CG 001878 बेमेतरा तथा अन्य 6 आर्द्रभूमियों का सर्वेक्षण कार्य किया गया। यह सर्वेक्षण एसएलयू स्थल स्तरीय इकाई के सदस्यों सर्वेयर शेख साजिद मोहम्मद, पटवारी विजेंद्र वर्मा एवं राजस्व निरीक्षक प्रेम प्रकाश तिवारी के द्वारा संपन्न हुआ। आर्द्रभूमियों का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। मौके पर जीपीएस सर्वेक्षण, नक्शा तैयार करने एवं रिपोर्ट संकलन का काम किया गया। आने वाले दिनों में शेष आर्द्रभूमियों का सर्वेक्षण तेजी से किया जाएगा।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि आर्द्रभूमि सीमांकन से जुड़े नक्शे और रिपोर्ट उच्च गुणवत्ता एवं सटीकता के साथ तैयार हों। समय-समय पर समिति की बैठकें आयोजित कर प्रगति की समीक्षा की जाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि आर्द्रभूमि संरक्षण न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण है, इसलिए कार्य को पारदर्शिता और समयबद्धता से पूरा किया जाए।



अधिकारियों ने किया सर्वेक्षण

## शराब दुकान पर दबिश, 7 पेटी मिलावटी शराब जब्त, 9 कर्मचारी पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

रविवार सुबह करीब 11 बजे रायपुर से आई आबकारी विभाग की टीम ने जैसे ही नवागढ़ की शराब दुकान पर दस्तक दी। दुकान के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। दुकान खुलते ही दस्ते ने दबिश दी और देखते ही देखते पूरा मामला सामने आ गया। जांच में खुलासा हुआ कि दुकान पर शराब में पानी मिलाकर ग्राहकों को परोसा जाता था। यानी बोतल में नशा कम और पानी ज्यादा। छापेमारी के दौरान टीम ने मौके से 07 पेटी में 336 पौवा मिलावटी शराब जब्त की। कार्रवाई के तहत दुकान के सभी 09 कर्मचारियों को आबकारी अधिनियम की धारा 138 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया। अब उन पर कानूनी तलवार लटक रही है।इस दबिश की कमान उड़न दस्ता असिस्टेंट कमिश्नर प्रवीण वर्मा ने संभाली। उन्होंने साफ कहा यह तो बस शुरुआत है। शराब में पानी मिलाना उपभोक्ताओं से धोखा है। चाहे कर्मचारी हों या अधिकारी, जो भी इसमें शामिल मिलेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, जिले की ज्यादातर शराब दुकानों में यही गोरखधंधा चल रहा है। कई स्थानों पर मिलावटी शराब की शिकायतें पहले से मौजूद हैं। अब सवाल यह है कि क्या विभाग पूरे जिले की दुकानों पर इसी तरह सख्त कार्रवाई करेगा।



## श्रद्धा और समर्पण ही ईश्वर प्राप्ति का एक मात्र साधन : स्वामी ज्योतिर्मयानन्द महराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ऐतिहासिक एवं पावन स्थल सपाद लक्षेश्वरधाम में द्वितीय दिव्य चतुर्मास्य अपने अंतिम पड़ाव में पहुंच गया है। इस अवसर पर धर्म, अध्यात्म और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस चतुर्मास्य के अंतर्गत दण्डी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद महाराज प्रतिदिन श्रद्धालुओं को पद्मपुराण की कथा सुनाते रहे। उनकी अमृतमयी वाणी से धर्म, नीति और जीवनोपयोगी संदेश प्राप्त कर श्रोतागण भावविभोर होते रहे। कथा के माध्यम से उन्होंने बताया कि धर्म की रक्षा करने वाला सदा ईश्वर की कृपा का अधिकारी होता है।

कार्यक्रम में मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा का विशेष योगदान रहा। संघ की ओर से प्रतिदिन दो मानस मंडलियों द्वारा हृदयस्पर्शी मानस गायन प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। अब तक लगभग 120 मानस मण्डलियों ने प्रस्तुति दी है।

सपाद लक्षेश्वरधाम वर्तमान में दण्डी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद जी के नेतृत्व में चल रहे सवा लाख शिवलिंग मंदिर निर्माण के लिए भी विश्व में चर्चा का विषय बना हुआ है। मंदिर निर्माण में निरंतर भक्त बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है और देश व विदेश से भी श्रद्धालु इस दिव्य कार्य में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।

स्वामी श्री ने बताया कि इस मंदिर में प्रत्येक श्रद्धालु को अपने पूर्वजों की मुक्ति हेतु अपने नाम से शिवलिंग स्थापित करने का अवसर प्राप्त है। इस अद्वितीय धार्मिक कार्य में सम्मिलित होकर श्रद्धालु न केवल अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए योगदान दे सकते हैं, बल्कि आगामी पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य आध्यात्मिक धरोहर भी छोड़ सकते हैं।

सपाद लक्षेश्वरधाम में चल रहे चतुर्मास्य ने न केवल श्रद्धालुओं को धार्मिक और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की, बल्कि यहाँ की भव्यता और आस्था ने क्षेत्र को एक धार्मिक केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित कर दिया है। प्रतिदिन बड़ी ▶▶|शेष पेज 10 पर



- शिवलिंग स्थापना पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता का प्रतीक : स्वामी श्री

## तीन ऐतिहासिक स्कूलों को मिला नवीन भवन निर्माण का तोहफा

# जिले में 3 करोड़ की लागत से बनेगा अत्याधुनिक ऑडिटोरियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के लिए 6 सितम्बर का दिन शिक्षा के क्षेत्र में स्वर्णिम अध्याय बनकर दर्ज हो गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित 40वें शिक्षक सम्मान समारोह के मंच से उपमुख्यमंत्री माननीय अरुण साव ने बेमेतरा विधायक दीपेश साहू की मांग पर नगर के पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीजी कॉलेज) में 3 करोड़ की लागत से भव्य ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा की।

इसी समारोह में कार्यक्रम की बतौर अध्यक्षता कर रहे स्कूली शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने भी विधायक दीपेश साहू की मांग पर जिले की दशकों पुरानी मांग को स्वीकार करते हुए नगर के तीन ऐतिहासिक विद्यालयों — पीएम श्री उत्तर बुनियादी शाला बेमेतरा, शासकीय बालक हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल बेमेतरा, शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल बेमेतरा के नवीन भवन निर्माण की घोषणा कर दी।



इन ऐतिहासिक घोषणाओं के पीछे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू की सतत मेहनत और निरंतर प्रयास का परिणाम है। लंबे अरसे से विधायक साहू नगर की शैक्षिक आवश्यकताओं को लेकर सरकार के सामने सक्रिय रूप से आवाज उठाते रहे। चाहे वह ऑडिटोरियम की मांग हो या फिर तीनों स्कूलों के जर्जर भवनों के स्थान पर नवीन भवन निर्माण की हर स्तर पर उन्होंने पालकों और विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से लिया और सरकार तक पहुंचाया।

- विधायक दीपेश साहू ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का जताया आभार

**विधायक दीपेश साहू ने उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री का जताया आभार-** विधायक दीपेश साहू ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का आभार जताये हुए कहा की आज का दिन बेमेतरा नगर और पूरे जिले के लिए गर्व और खुशी का दिन है। मैंने सदैव यह प्रयास किया है कि हमारे विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कमी से जूझें नहीं। पीजी कॉलेज में ऑडिटोरियम निर्माण की मेरी पुरानी मांग को माननीय उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी ने स्वीकृति प्रदान कर जो ऐतिहासिक निर्णय लिया है, उसके लिए मैं उनके प्रति दिल से आभार प्रकट करता हुं। यह ऑडिटोरियम विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही, बेमेतरा नगर के तीन ऐतिहासिक विद्यालय पीएम श्री उत्तर बुनियादी शाला बाला बेमेतरा, शासकीय बालक हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल बेमेतरा और शासकीय कन्या आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के नवीन भवन निर्माण की घोषणा हमारे बच्चों के सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। इसके लिए मैं माननीय स्कूली शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव जी का विशेष रूप से धन्यवाद करता हुं। उन्होंने विद्यार्थियों और पालकों की भावनाओं का सम्मान किया और मेरी वर्षों से उठाई जा रही मांग को तुरंत स्वीकार कर ऐतिहासिक निर्णय लिया। बेमेतरा की धरती पर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बनाने के लिए हमने लगातार बड़े-बड़े कदम उठाए हैं। चाहे नालंदा लाइब्रेरी की स्थापना हो या फिर केंद्रीय विद्यालय की सौगात ये सब इस बात का प्रमाण हैं कि हमारी सरकार हर पल युवाओं की उन्नति के लिए समर्पित ▶▶|शेष पेज 10 पर

# दिनभर खिली रही धूप, शाम को अचानक बादल आए और बरसे

**मौसम में बदलाव की वजह से अधिकतम तापमान 34 डिग्री पार, आज भी बारिश के आसार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शनिवार को दिनभर तेज धूप खिली रही। जिसकी वजह से अधिकतम तापमान 34 डिग्री से पार हो गया है। दुर्ग का अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जो प्रदेशभर में दूसरे स्थान पर है। रायपुर से केवल .1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। लोगों को पूरे दिन तेज गर्मी से सामना हुआ लेकिन शाम 6 बजे के बाद अचानक आसमान पर बादल घिर आए और अचानक बारिश भी शुरू हो गई। मौसम विभाग न आने वाले दो दिनों तक हल्की व मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है। शनिवार को पिछले 24 घंटों में छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई।



### प्रदेश में न्यूनतम तापमान दुर्ग में सबसे ज्यादा

प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 34.5C रायपुर में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.0C दुर्ग में दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.9 नीचे रहा है। वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। जिसकी वजह से लोगों को उमसभरी गर्मी फिर लगने लगी है।

### ये हैं मौसम का सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून की द्रोणिका अब जैसलमेर से होकर गुजर रही है, जो दक्षिण राजस्थान के मध्यभागों, गुना, दमोह, पेंडर रोड, संबलपुर, गोपालपुर पर बने सुस्मा निम्न दाब क्षेत्र का केंद्र है और फिर पूर्व दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी के पूर्व मध्य तक बनी हुई है। दक्षिण राजस्थान के मध्य भागों पर बने सुनिम्न दाब क्षेत्र से जुड़े चक्रवाती परिसंचरण से मध्य प्रदेश होते हुए उत्तर-पूर्व झारखंड तक समुद्र तल से 0.9 और 1.5 किमी ऊपर बनी हुई है। उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के दक्षिण ओडिशा और उत्तरी आध प्रदेश के तटों पर समुद्र तल से 3.1 और 5.8 किमी ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।

## खबर संक्षेप



### कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** सेल- बीएसपी के आर.ई.डी. विभाग में कर्म शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास रहे। दास ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उत्कृष्ट कार्य के लिए ही नहीं बल्कि सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए भी प्रदान किया जाता है।

इस अवसर पर डोल कुमार चौहान, टेक सिंह एवं संतोष कुमार पाल को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए तथा उन्हें उनके जीवनसाथियों हेतु भी प्रोत्साहन स्वरूप प्रशंसा पत्र भेंट किया गया। समारोह में महाप्रबंधक आर. गोपाल कृष्णन, उप महाप्रबंधक इन्द्रदीप चटर्जी, सहायक महाप्रबंधक अमित राय, अनिल पाढ़ी, मालिनी परगनिया, मोहम्मद शाबिर, प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह एवं उप प्रबंधक सौरभ यादव उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विजेताओं की कार्यशैली एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी और भविष्य में और भी उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया एवं ऑफिस एसोसिएट हर्षिता नाग ने किया।

### भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने हर्ष



**भिलाई।** भिलाई के होनहार युवा लेफ्टिनेंट हर्ष गोहिया का भारतीय सेना में कमीशन होना न केवल उनके परिवार के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि पूरे भिलाई नगर और सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र बिरादरी के लिए प्रेरणादायी उपलब्धि है। यह माटी के लाल की कहानी है, जो दृढ़ संकल्प, अनुशासन और देशभक्ति की उन मूल्यों को जीवंत करती है, जिन पर भारतीय सशस्त्र सेनाओं की पहचान टिकी है।

**दोहरी नीति : बिना माइग्रेशन सर्टिफिकेट के विद्यार्थियों को दूसरे कॉलेजों ने नहीं मिलेगा प्रवेश**

# हेमचंद यूनिवर्सिटी दे रहा सात दिन बाद माइग्रेशन सर्टिफिकेट, इधर कॉलेजों में दाखिले की मियाद पूरी

**स्टूडेंट्स हो रहे परेशान, नहीं हो रही सुनवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

उच्च शिक्षा विभाग की अनुमति के बाद हेमचंद यूनिवर्सिटी ने कॉलेजों में दाखिले के अंतिम मौका 5 सितंबर तय किया है। यानी दाखिले की मियाद अब पूरी हो गई है।

प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म ऐसे विद्यार्थियों से मंगवाए गए थे जो अब तक प्रवेश के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं। लेकिन इनमें से ऐसे भी विद्यार्थी हैं जो यूनिवर्सिटी में पहले एक या दो साल की पढ़ाई के दौरान फेल हो गए। निजी कॉलेजों में दाखिले के लिए माइग्रेशन सर्टिफिकेट अनिवार्य है। इधर यूनिवर्सिटी द्वारा आवेदन के सात दिन बाद माइग्रेशन सर्टिफिकेट दिए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में सैकड़ों विद्यार्थी दाखिले लेने से वंचित हो जाएंगे।



### माइग्रेशन सर्टिफिकेट के दौरान ही त्रुटि भी निकाल रहा स्टॉफ

हेमचंद यूनिवर्सिटी में माइग्रेशन सर्टिफिकेट लेने के दौरान ही मार्कशीट में पिता या माता के नाम की त्रुटि भी निकाली जा रही है। विद्यार्थियों ने बताया कि पहले ऑनलाइन आवेदन करवा रहे हैं। इसके लिए यूनिवर्सिटी द्वारा परिसर के बाहर निजी च्वाइंस सेंटरों में भेजा जा रहा है। वहां से आवेदन करने के बाद हार्डकापी को माइग्रेशन काउंटर में जमा लिया जा रहा है। इस दौरान बारहवीं-दसवीं के सर्टिफिकेट में यदि पिता या माता का नाम के बीच केवल स्पेस आ जा रहा है तो उसे त्रुटि बताकर लौटा दिया जा रहा। जबकि स्वयं के यूनिवर्सिटी द्वारा जारी अंकसूची में उसी तरह नाम अंकित हैं जैसे बारहवीं की अंकसूची में था।

### पूरे दिन में नहीं सुधार रहे त्रुटि

कॉलेजों में दाखिले के लिए विद्यार्थियों के पास समय की कमी है और यूनिवर्सिटी का स्टॉफ त्रुटि सुधार का शुल्क 240 रुपए जमा करवाने के बाद भी पूरा दिन बिता दे रहा है। इसलिए विद्यार्थी दूसरे दिन यूनिवर्सिटी आ रहा है। तब कहीं जाकर माइग्रेशन आवेदन की हार्ड कॉपी जमा ली जा रही है। प्रकियाओं में ही विद्यार्थियों को इतना उलझा दिया गया है कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एडमिशन के लिए स्पेशल डेट बढ़ाने के बाद उस मियाद में दाखिला नहीं ले पाएंगे। विद्यार्थियों का कहना है कि त्रुटि सुधार वाकई जरूरी है तो उसे एडमिशन लेने के बाद भी करवाया जा सकता है। लेकिन बिना त्रुटि सुधार के माइग्रेशन सर्टिफिकेट के आवेदन की कापी जमा नहीं लेना मनमानी है।

### 42 हजार सीटें हैं कॉलेजों में खाली

हेमचंद यूनिवर्सिटी के अंतर्गत दुर्ग संभाग के 162 सरकारी व निजी कॉलेज हैं। इन कॉलेजों में यूजी की 55074 सीटों हैं। जिसमें 18981 विद्यार्थियों ने ही प्रवेश लिया है। इस तरह यूजी की 36 हजार सीटें खाली रह गई है। पीजी की 15386 सीटें हैं। जिसमें 5816 विद्यार्थियों ने ही प्रवेश लिया है। इस तरह पीजी की 9570 सीटें रिक्त रह गई है। इन सीटों को भरने के लिए ही उच्च शिक्षा विभाग ने विशेष रूप से प्रवेश की तिथि 5 सितंबर तक किया था। खासकर निजी कॉलेज में विद्यार्थी नहीं आए तो उन्हे सबसे ज्यादा दिक्कतें संचालन में आएगी।

### यूनिवर्सिटी के पास ऑफलाइन सुविधा नहीं

यूनिवर्सिटी विद्यार्थियों को ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह की सुविधाएं स्वयं की उपलब्ध करवाने का दावा करता रहा है लेकिन ऐसी सुविधाएं इन दिनों यहां नहीं दिखाई देती। हरिभूमि ने इसकी पड़ताल की। विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी परिसर के सामने प्राइवेट सेवा केंद्रों में भेजा गया। वहां माइग्रेशन के लिए आवेदन करने पर शुल्क सहित 400 रुपए और त्रुटि सुधार के लिए 240 रुपए देने पड़े।

### इसी समय पता चलता है त्रुटि

"जब विद्यार्थी माइग्रेशन सर्टिफिकेट लेने के लिए आता है तभी हम चेक करवाते हैं। इसी समय त्रुटि भी पता चलता है। माइग्रेशन सर्टिफिकेट आवेदन करने के पांच दिन बाद देने का नियम है। इसलिए सात दिन का समय विद्यार्थियों को दिया जा रहा है।

**-हिमांशु शेखर मंडावी**, प्रभारी अधिकारी माइग्रेशन

## पंडालों में धारदार हथियार लेकर घूम रहे आठ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गणेश उत्सव के अवसर पर जिले की पुलिस द्वारा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। पंडालो में निगाह रखे जाने के लिए पुलिस सिविल ड्रेस में तैनात थी। पिछले दो दिनो में गणेश उत्सव पंडालों के आसपास चेकिंग की गई। 8 युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। इनके पास से धारदार हथियार जब्त हुआ है। सुपेला से राधिका नगर में युवराज सोनी, पद्मनाभपुर रायपुर नाका ओवरब्रिज के नीचे से अंकुश नायक, वैशाली नगर गौरथ पथ जवाहर चौक, कमलेश उर्फ भुरू, गोपी साहू, हर्ष कुमार उर्फ सोनू, अपचारी बालक से धारदार हथियार जब्त किया गया।

### मकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** केरल गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि दिनेश बैंजामिन ने शिकायत किया था कि जयदीप सिंह के मकान सडक 1 जैन मंदिर रोड प्रगति नगर रिसाली के कीचन की कुंडी तोड़कर चोरी करने किया था।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम धनोरा शक्ति नगर पदमनाभपुर निवासी तेजेश्वर जांगड़े उर्फ चिंटू को पकड़ा गया। पूछताछ में स्वीकार किया कि अपने साथी ठमेश्वर साहू उर्फ रवि के साथ मिलकर उक्त मकान में चोरी किया। पुलिस ने सोना चांदी के जेवरात, वाहन सीजी 07 बी एच 0309 को जब्त किया। सामानों की कीमत 1.40 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में नेवई प्रभारी कमल सिंह सेंगर समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## ब्लॉक अध्यक्ष तय करने सरगर्मी तेज, आपसी सहमति से नाम तय करने किया जा रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ ब्लाक अध्यक्ष तय करने के लिए हुई बैठक

कांग्रेस संगठन की मज़बूती और कार्यकर्ताओं के मनोबल को सशक्त करने के उद्देश्य से ब्लॉक अध्यक्षों का चुनाव होना है। इसे लेकर आपसी सहमति बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। हर ब्लॉक से एक नाम तय करने की कोशिश की जा रही है। इसे लेकर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक खेल एवं सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन में हुई। बैठक का आयोजन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार किया गया। बैठक में दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर छन्नी साहू पूर्व विधायक) को दक्षिण ब्लॉक प्रभारी के रूप में आमंत्रित किया गया। बैठक में पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली पहचान और सबसे बड़ी पूंजी हमारे जमीनी कार्यकर्ता हैं। आप सभी की निष्ठा, संघर्ष और समर्पण ही वह मज़बूत नींव है, जिस पर हमारी पार्टी की इमारत खड़ी है। हर परिस्थिति में हर मोड़ पर जब भी कांग्रेस ने संघर्ष किया है। कार्यकर्ताओं ने अपने पसीने और परिश्रम से पार्टी को संबल प्रदान किया है। आने वाले समय में आप सभी की सक्रियता से पार्टी सशक्त बनेगी। बैठक में पूर्व पार्षद प्रकाश जोशी, कमलेश नागर्ची, निकिता मिलिंद, भूपेंद्र वर्मा, सौरभ ताम्रकार, गुरदीप सिंह भाटिया, अजय मिश्रा, शरीफ खान सहित अन्य मौजूद थे।



## विद्यालय ही वह स्थान जहां जीवन की गंगा होती है प्रवाहित : डॉ. ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ बीएसपी भिलाई विद्यालय में शिक्षक अभिनंदन समारोह

बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-2 में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती और शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी उपस्थित थे।

छात्राओं तनिष्का, आर्या पांडे, योगिता एवं किरणदीप ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का स्वागत उद्बोधन पालक-शिक्षक समिति के अध्यक्ष ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर ने कहा कि विद्यालय ही वह स्थान है जहाँ से जीवन की गंगा प्रवाहित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि कार्य ऐसा करना चाहिए, जिसे सदियों तक याद रखा जाए। अमूल्य प्रियदर्शी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी एक क्षेत्र में स्वयं को पारंगत कर उत्कृष्टता प्राप्त करनी चाहिए। आपको आपका स्किल ही जीवन के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगा। प्राचार्य विजय सिंह पवार ने विद्यालय की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर चारों सदनों के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक दिवस की थीम पर ग्रीटिंग कार्ड भी प्रदर्शित किए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में क्वायर ग्रुप द्वारा सतीष मिश्रा एवं रजनी रजक के मार्गदर्शन में स्वागत गान, गुरु वंदना एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। नेहा सिंह के निर्देशन में तनिष्का एवं सहयोगी छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुति दी। वंदना सोनवाने के मार्गदर्शन में रूद्र सिंह एवं सहयोगी छात्रों ने क्लासरूम एक दिन पर आधारित नृत्य-नाटिका का प्रदर्शन किया। रजनी रजक ने इस अवसर पर लोकगीत प्रस्तुत किया। समारोह में उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी शिक्षकों का श्रीफल एवं उपहार भेंटकर अभिनंदन किया गया।



### वैशाली नगर में हुई एबीयूएस की बैठक

**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज की बैठक मंत्री मंटू हरपाल के नेतृत्व में वैशाली नगर में संपन्न हुई। इस दौरान महिला पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी , महासचिव टीके निहाल ने समाज के गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। नशा, दहेज प्रथा,बाल विवाह को लेकर जागरुक किया। 21 सितंबर को होने वाले नुआखाई महोत्सव को लेकर जानकारी दी। बैठक में विधुर तांडी, तुफान दीप, छोटू सोना, नंदराज विभार, अमीत विभार, पाडू तांडी, अशोक बघेल, रवि पटनायक, अभिषेक विभार,

पेज 9 के शेष...

### अंचल में गणपति

माता जकी पार्वती-पिता महादेवा करके पूजा कर विसर्जन किया गया। वही ग्राम मनियारी के गौरी गौरा गणेश उत्सव समिति, बजरंग कुंवा गणेश उत्सव समिति, कर्मा चौंक गणेश उत्सव समिति, कुम्हार पारा गणेश उत्सव समिति मनियारी के सभी भक्तों ने शांति पूर्ण गणपति विसर्जन किया गया। इस दौरान समिति व ग्रामीणों ने गणेश विसर्जन शोभयात्रा में डीजे की धुन में बच्चे, नवजवान से लेकर बड़ों ने खूब नाचते-झूमते व थिरकते हुए भगवान गणेश की जयघोष और गुलाल की तिलक लगाकर सभी भक्तों को गुलाल की रंगों में सराबोर कर दिया। गांव की माताओं ने घर के सामने चौंक व रंगोली सजाकर आरती के थाली लेकर भगवान गणेश की शोभायात्रा की इंतजार करती नजर आए। वही द्वार के सामने आने पर भगवान गणेश की आरती पूजा कर श्रीफल व फूल चढ़ाया गया। साथ ही नम आंखों से विदाई दिया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांति पूर्ण विसर्जन किया गया। वही ग्राम के चौंक-चौराहों सहित घर में विराजे गणपति की प्रतिमाओं को एक साथ विसर्जन के लिए निकाले। इसके अलावा अन्य समितियों द्वारा शांति पूर्ण विसर्जन करने के लिए अलग-अलग समय व एक-एक करके शोभायात्रा व विसर्जन किया गया। इस बीच ग्रामीणों की बड़ी संख्या में गणपति को विदाई देने भीड़ उमड़ पड़ी।

### व्यापारी से 1.87...

रकम और करीब एक लाख रुपये उधारी मिलाकर कुल 1,87,774 रुपये लेकर घर लौट रहे थे। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बेलटुकरी मोड़ के पास अचानक बाइक पर सवार तीन युवक सामने आ गए। पहले उन्होंने संबलपुर का रास्ता पूछकर झांसा दिया और फिर व्यापारी को रोककर हमला बोल दिया। एक आरोपी ने चाकू ताना, दूसरे ने बेल्ट लहराया और तीसरे ने जेब से नगदी व मोबाइल झपट लिया। व्यापारी ने विरोध किया तो धक्का-मुक्की भी हुई। मोबाइल सहित आरोपियों ने करीब 1.95 लाख की संपत्ति लूटकर बाइक दौड़ाई और नवागढ़ की ओर भाग निकले। व्यापारी किसी तरह थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई।

### श्रद्धा और समर्पण...

संख्या में श्रद्धालु दर्शन, कथा श्रवण और मानस मंडलियों के मधुर गायन का आनंद लेने पहुँच रहे हैं। इस अवसर पर स्वामी श्री ने सभी भक्तों से कहा कि – "धर्म की साधना केवल पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला है। शिवलिंग स्थापना का कार्य हमारे पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा का प्रतीक है।" कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, भक्तगण और संतजन उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि वे धर्म, संस्कृति और समाज सेवा में सदैव सक्रिय रहकर जीवन को सार्थक बनाएंगे।

### जिले में 3 करोड़ ...

है। हम लगातार मांग करते रहे कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार, विष्णुदेव जी के सुशासन के आदर्शों पर चलते हुए, शिक्षा के क्षेत्र में ठोस और दूरगामी कार्य करे। आज यह गर्व की बात है कि बेमेतरा विधानसभा में नालंदा लाइब्रेरी और केंद्रीय विद्यालय दोनों की स्थापना होने जा रही है

**निःशुल्क कोचिंग सेंटर श्री राम एकेडमी की शुरुआत** : विधायक दिपेश साहू ने कहा की हमारा सपना है कि बेमेतरा का कोई भी युवा अपने जिले से बाहर जाकर शिक्षा प्राप्त करने को मजबूर न हो। खासकर गांव, गरीब और किसानों के बच्चे, जिन्हें उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, उनके लिए हमने एक नई पहल की है—निःशुल्क कोचिंग सेंटर श्रीराम एकेडमी आज इस एकेडमी में न केवल बेमेतरा जिले के, बल्कि अन्य जिलों से भी बच्चे पीएससी, सीजीपीएससी और व्यापम जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए आ रहे हैं। यह हमारी बड़ी सफलता है। क्योंकि जब बड़े-बड़े कोचिंग संस्थान बिना फीस लिए एक भी बच्चे को पढ़ाने को तैयार नहीं होते, तब हमने निःशुल्क कोचिंग की शुरुआत कर गरीब और प्रतिभावान बच्चों के सपनों को पंख देने का कार्य किया है।

**महापौर नीरज और निगम आयुक्त पांडेय से ली जानकारी**

# कलेक्टर ने तारामंडल और वूमेन फॉर ट्री स्कीम की प्रगति देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कलेक्टर अभिजीत सिंह राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे हुए तारामंडल बाल उद्यान में वूमेन फॉर ट्री योजना के अंतर्गत वृक्षारोपण किये। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा भी पौधों का रोपण किया गया है। कलेक्टर द्वारा इस योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई । यह केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इस योजना से नगरपालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत 8000 से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है । 40 उद्यानों व स्थलों में कुल 12500 पौधों का रोपण किया जाना स्वीकृत है। महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से वृक्षारोपण सह संरक्षण की योजना से बेरोजगार महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। वूमेन फॉर ट्री स्कीम शहर की हरियाली बढ़ाते हुए पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ महिलाओं को रोजगार प्रदान करते हुए सशक्त करने की भी योजना है ।

### नेहरूनगर में तारामंडल का किया अवलोकन

कलेक्टर नेहरू नगर पूर्व में निर्मित तारामंडल (प्लैनोटेरियम) का अवलोकन कर संचालन के संबंध में बारीकी से चर्चा किये। स्कूली बच्चों को तारामंडल में शैक्षणिक भ्रमण कराए जाने हेतु चर्चा किया गया है। साथ ही आम नागरिकों के भ्रमण हेतु प्रचार प्रसार की आवश्यकता के बारे में चर्चा किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा भिलाई में चल रहे हैं निर्माण कार्य सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण भी किये हैं । वृक्षारोपण एवं अटल परिसर के निरीक्षण के दौरान महापौर नीरज पाल व आयुक्त राजीव पांडेय उपस्थित रहे । नेहरू नगर पूर्व स्थित नेहरू प्लेनेटोरियम का निरीक्षण किए। वूमेन फॉर ट्री योजना अंतर्गत उद्यान में पौधारोपण किये । समीपस्थ अटल परिसर के निर्माणाधीन कार्य का अवलोकन किये ।



### ग्रीन सिटी क्लीन सिटी

भिलाई शहर को ग्रीन सिटी और क्लीन सिटी के नाम से जाना जाता है केंद्र सरकार की वूमेन फॉर ट्री योजना के तहत किए जा रहे हैं वृक्षारोपण और विशेष तौर पर महिलाओं के लिए चल रहे विकास कार्यों को लेकर ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं की बहुत जल्द भिलाई की तस्वीर एक नए रूप में देखने को मिलेगी।

### खुर्सीपार में गारमेंट फैक्टरी का अवलोकन

कलेक्टर ने खुर्सीपार आई टी आई समीप गारमेंट फैक्ट्री का निर्माण किया जा रहा है जिसका अवलोकन किया । खुर्सीपार एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर खाद निर्माण व पृथकीकरण के कार्य की जानकारी प्राप्त की । उसके बाद हुडको अंतर्गत निर्माणाधीन मंगल भवन का बारीकी से अवलोकन किए। निरीक्षण का सिलसिला इसके बाद भी आगे चलता रहा और इस कड़ी में ग्राम सेमरिया स्थित निगम स्वामित्व की भूमि का अवलोकन किये और सीमांकन हेतु तहसीलदार को निर्देशित किये हैं। आगामी समय में सेमरिया में नगर निगम संबंधित बड़े योजना की तैयारी चल रही है ।

## खबर संक्षेप

### पीएम आवासों के लिए की गई केवाईसी और एनपीसीआई मैपिंग



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर पोटिया सरकारी स्कूल में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत विविध गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियों का उन्मुखीकरण, छात्र-छात्राओं एवं समाज प्रमुखों द्वारा निर्मित एवं निर्माणाधीन आवासों का भ्रमण, तथा मेगा ई-केवाईसी एवं एनपीसीआई मैपिंग कैंप का आयोजन कर ग्रामीणों को योजना की तकनीकी और व्यवहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, जनपद अध्यक्ष लिमन साहू, सीईओ धमधा किरण कौशिक उपस्थित थे। बजरंग दुबे ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने हितग्राहियों से आवास निर्माण में गुणवत्ता बनाए रखने की अपील की। सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया। कोर्सेवाड़ा ने प्रधानमंत्री आवास के उल्लेखनीय प्रगति के लिए जिला पंचायत सीईओ व उनकी टीम की प्रशंसा की। निर्माणाधीन आवासों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। 35 हितग्राहियों का स्थल में ही एनपीसीआई मैपिंग की गई।

### सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला आज

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर प्रति वर्ष भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार दुर्ग जिला भाजपा के द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में 7 सितंबर दिन रविवार को दोपहर 2 बजे एक कार्यशाला आहूत की गई है। बैठक में सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर को लेकर चर्चा की जाएगी। इसे लेकर 7 सितंबर को कार्यशाला का आयोजन किया गया जाएगा। इसमें मुख्य वक्ता चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद, सह वक्ता संध्या परगनिया भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मंत्री होंगे। होने वाली कार्यशाला में सभी प्रमुख पदाधिकारी, कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

### सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षकों का किया सम्मान

**भिलाई।** ओम वरिष्ठ नागरिक संघ



ने शिक्षक दिवस पर गणेश उद्यान नेहरू नगर ईस्ट में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षकों पुरुषोत्तम साहू, विनायक राव देशमुख, धानेश्वर निर्मल, राजकुमार गुप्ता एवं भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन का शॉल, श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। आरंभ में उद्यान में स्थित शिव मंदिर में पूजा के पश्चात पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह को संबोधित करते हुए घनश्याम देवांगन ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शिक्षक से राष्ट्रपति पद तक पहुंचने एवं उनका शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में प्रभावी योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि डॉ. राधाकृष्णन ने शिक्षा को चरित्र निर्माण एवं समाज सुधार से जोड़कर देश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया। सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक पुरुषोत्तम साहू ने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थियों, पालकों एवं समाज के सामने श्रेष्ठ आचरण प्रस्तुत करना चाहिए। समारोह को विनायक राव देशमुख, धानेश्वर निर्मल, राजकुमार गुप्ता ने भी संबोधित करते हुए शिक्षक दिवस की महत्ता प्रतिपादित किया। कार्यक्रम में तृप्ता सेन ने मधुर भजन एवं कन्हैयालाल देवांगन ने गीत प्रस्तुत किया। महिला मंडली ने मंदिर प्रांगण में भक्ति से ओत-प्रोत भजन एवं आरती की। इस अवसर पर गजानंद साहू, अनंतराम वर्मा, तुलसी वृंदा देवांगन, डब्ल्यू जी समर्थ, दुबे लाल सेन, जीवनलाल वर्मा, पवन कुमार पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

# मरोदा में रोपे 500 से ज्यादा फलदार पौधे, सहेजने का लिया संकल्प

## ग्रीन मरोदा क्लीन मरोदा अभियान का आगाज, जनप्रतिनिधियों से भी सहभागिता की अपील

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

मरोदा सेक्टर बी पॉकेट में ग्रीन मरोदा क्लीन मरोदा की थीम पर 500 से भी ज्यादा फलदार वृक्ष रोपे गए। ओणम, गणेश चतुर्थी, मिलादुन्नबी और शिक्षक दिवस के पावन पर्व में फलदार पौधे लगाने की योजना को साकार किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय पर्यावरण संगठन के लोग भी मौजूद रहे, खाली और विरान जगह पर फलदार वृक्षों की नर्सरी लगने से वार्ड की सुंदरता बढ़ेगी।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अशोक माहेश्वरी संस्थापक योग लंगर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि प्रकृति की सेवा ही हम सभी का धर्म है और उस सेवा में निरंतर केशव बंछोर लगे हुए हैं, वे हमारे सदस्य हैं



यह गौरवशाली क्षण है। प्रख्यात कलाकार दुष्यंत हरमुख भी पूरे पौध रोपण के दौरान मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि केशव बंछोर का लगाव पर्यावरण के प्रति सदैव रहा है वार्ड के लोगों को उनके प्रत्येक कार्यकाल में नवाचार देखने को मिलता है। यह भी अनूठी पहल है। कार्यक्रम मे पर्यावरण प्रेमी रोमशंकर यादव भी मौजूद थे। उन्होंने अपने हाथों से आम और अमरूद के पेड़ लगाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि केशव बंछोर हमेशा सकारात्मक सोच रखते हैं। इस नर्सरी का हम लोग भी देखभाल करेंगे, अन्य जनप्रतिनिधि भी जरूर इससे प्रेरित होंगे।

**जनप्रतिनिधि की जवाबदारी भी है प्रकृति का संवर्धनः केशव बंछोरः** इस अवसर पर सभापति एवं वार्ड के पार्षद केशव बंछोर ने कहा कि हमारे आसपास को कैसे बेहतर बनाया जाए। पर्यावरण संवर्धन कहें या जल संवर्धन या बच्चों को बेहतर सुविधा देना हो एक जनता के लिए चुने जनप्रतिनिधि होने के नाते प्रकृति के देखरेख के लिए शासन प्रशासन को ध्यानाकर्षण कराके जनता को जागरूक कर हमें सहयोग लेकर काम करना होता है। ये हर जनप्रतिनिधि की जवाबदारी है। इस अनूठी पहल के लिए वार्ड के लोग, आसपास के पर्यावरण संगठन, निगम प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी और बीएसपी प्रबंधन के सहयोग से सम्भव हो सका है सभी बधाई के पात्र हैं।

**कार्यक्रम मे ये भी रहे उपस्थितः** उक्त आयोजन मे जानकी रमैय्या, सनीर साहू, विलास बोरकर, अभय सोनी, संजय चौधरी, उत्तम वर्मा, अमृत लाल चौहान, चंद्रकांत पटेल, मनहरन वर्मा, अशोक कंगाली, व्यास नारायण बघेल, ललित वर्मा, नंदू जैन, युगल चंद्राकर, एके पाण्डेय, राजेन्द्र वर्मा, संतोष राणा, ज्योति प्रकाश, अमित सिंह, नागवंशी, विमलेश शास्त्री, बबीता चौधरी, डॉ. शालिनी वर्मा, लुकेश्वरी ठाकुर, प्रिया पगारे, शोभा चंद्राकर, शशी ब्रम्हे, अरुणी वर्मा, गोकरण साहू, बिपिन बंछोर, सोमनाथ यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## लापरवाही : मेंटेनेंस के लिए नहीं फंड, इसलिए लोगों को नहीं मिल पा रहा फायदा

# 28 लाख से ज्यादा खर्च कर लगाए गए 18 वॉटर एटीएम हो गए कबाड़, पानी की बूंद तक नहीं टपक रही

## आदित्यनगर और हनुमान नगर में स्थापित वाटर एटीएम का नहीं हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

अलग खबर

लोगों को सस्ता और सुलभ साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई वॉटर एटीएम योजना की हवा निकल गई है। मेंटेनेंस के अभाव में दुर्ग शहर में लगे 18 एटीएम दम तोड़ गए हैं। बनाए गए सभी सेंटर इन दिनों कबाड़ हो रहे हैं।

बता दें कि करीब 28 लाख रुपए खर्च कर इन एटीएम को शहर के अलग-अलग वार्डों में स्थापित किया गया था। इसमें प्रमुख रूप से आदित्य नगर, हनुमान नगर, पटेल चौक, पद्मनाभपुर, बस स्टैंड, राजेंद्र पार्क सहित अन्य जगहों पर वाटर एटीएम स्थापित किए गए हैं। वर्तमान में ये सभी बंद पड़े हैं, या नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि रखरखाव के अभाव में कई सेंटरों से उपकरण भी चोरी हो चुके हैं। बावजूद इसके लिए अब तक इन एटीएम को दोबारा शुरू करने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई है। बता दें कि शासन ने रियायदी दर पर शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इसे शुरू किया था। ठंडा और नार्मल दोनों तरह का पानी उपलब्ध कराया जाना था, लेकिन योजना फिलहाल दमतोड़ गई है। जानकारी के मुताबिक पिछले करीब 6 महीने से मेंटेनेंस कराए जाने को लेकर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। अब तक मेंटेनेंस नहीं कराया गया है।





### सार्वजनिक जगहों पर साफ पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी योजना

जानकारी के मुताबिक सार्वजनिक जगहों पर साफ पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई थी। वाटर एटीएम की योजना का उद्देश्य विभिन्न सरकारी पहलों के माध्यम से सुरक्षित और पीने योग्य पानी उपलब्ध कराना था। नागरिकों को स्मार्ट कार्ड के माध्यम से मुफ्त पानी प्रदान करने की योजना था। ये एटीएम स्वचालित रूप से सिक्का या स्मार्ट कार्ड के माध्यम से सुरक्षित और शुद्ध पानी वितरित कर रहा था। बाद में रखरखाव के अभाव में पूरी योजना दम तोड़ गई। वर्तमान में वाटर एटीएम मशीनों को रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों, अस्पतालों, बाजारों और झुग्गियों जैसे सार्वजनिक स्थानों के आसपास स्थापित किया गया है। कुछ जगहों पर वार्डों में भी मशीनें लगाई गई हैं। 1 रुपए लीटर के हिसाब से पानी दिया जाना था। दिया भी जा रहा था, बाद में एटीएम ही बंद पड़ गए।

### जिले में कई जगहों पर लगाए गए हैं वाटर एटीएम

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2016 से 2018 के बीच शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहों पर वाटर एटीएम लगाए गए हैं। जिला पंचायत कार्यालय परिसर में भी वाटर एटीएम लगाए गए थे। वर्तमान में ये सभी बंद पड़े हुए हैं। कुछ जगहों पर अब भी वाटर एटीएम की सुविधा शुरू है, लेकिन फिल्टर पानी के बजाए सार्वजनिक नलों से जोड़कर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसे लेकर शिकायत भी हो चुकी है। बावजूद किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। जिन कार्य एजेंसियों ने इन वाटर एटीएम को लगाया, उनकी मियाद अवधि पूरी हो चुकी है। इस वजह से एजेंसी द्वारा भी इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

### भिलाई शहर में 50 से ज्यादा वॉटर एटीएम, सभी अनदेखी का शिकार

जानकारी के मुताबिक भिलाई शहर में 50 से ज्यादा जगहों पर वाटर एटीएम लगाए गए हैं। सभी अनदेखी का शिकार हैं। उनका मेंटेनेंस नहीं कराया गया है। इस वजह से कई जगहों पर एटीएम बंद पड़ गए हैं। इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। अकेले जोन-5 क्षेत्र में कुल 26 वाटर एटीएम लगे हैं। जहां मिनरल वाटर 5 रुपए में 20 लीटर तक उपलब्ध कराया जाना है। टाउनशिप में कई मशीनों के नल, पैनल और सामान भी चोरी हो गए हैं। कई जगहों पर मोटर भी जल गए हैं। असामाजिक तत्वों द्वारा पानी का नल, पैनल और अन्य सामग्री भी चोरी कर लिया गया है। शिकायत के बाद भी इनके रखरखाव को लेकर व्यापक प्रयास नहीं किया गया है।

### मेंटेनेंस के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की जा रही

वाटर एटीएम का मेंटेनेंस किया जाना है। इसे लेकर निविदा प्रक्रिया जल्द शुरू की जा रही है। सभी एटीएम को सुधारा जाएगा। शासन की यह महत्ती योजना है। इसका लाभ जनता तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता में है।

**-लीना दिनेश देवांगन,** प्रभारी जलकार्य नगर निगम दुर्ग

### कामधेनु यूनिवर्सिटी में खुला नया कुक्कुट केंद्र, होंगे नए रिसर्च



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

- परियोजना के लिए 40 लाख रुपए स्वीकृत

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के अंतर्गत निदेशालय कुक्कुट अनुसंधान, हैदराबाद द्वारा संचालित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना-कुक्कुट प्रजनन केन्द्र का कामधेनु विश्वविद्यालय में उद्घाटन हुआ। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह की अध्यक्षता में निदेशालय कुक्कुट अनुसंधान हैदराबाद के निदेशक डॉ. आरएन चटर्जी के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर डॉ. यू. राजकुमार, राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रधान वैज्ञानिक भारत सरकार, वेटनरी कॉलेज के डीन डॉ. संजय शाक्य, डॉ. जीके दत्ता, डॉ. धीरेन्द्र भोंसले, डॉ. दिलीप चौधरी इत्यादि उपस्थित रहे। केंद्र में स्थानीय कुक्कुट प्रजाति के जर्मप्लाज्म का समावेश करते हुए अण्डे एवं मांस हेतु उपयुक्त द्विकाजी नस्ल विकास हेतु अनुसंधान कार्य किया जाएगा। इस परियोजना हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 40 लाख स्वीकृत किए गए। कुलपति डॉ. सिंह ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में कुक्कुट अनुसंधान एवं कुक्कुट जर्मप्लाज्म वितरण को विश्वविद्यालय से बढ़ावा मिलेगा। जिसका लाभ छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण कुक्कुट पालकों को आजीविका सुधार एवं आय में वृद्धि से मिलेगा। डॉ. चटर्जी ने कुक्कुट नस्लों के विकास में अपने संस्थान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि उनकी संस्थान के द्वारा विकसित वनराजा, ग्राम प्रिया उन्नत कुक्कुट की नस्लें पूरे देश में लोकप्रिय हैं। छत्तसीगढ़ राज्य के स्थानीय मुर्गी की नस्ल का चरित्रांकन कर उसकी अनुवांशिकता के उत्तम गुणों जैसे कि रोगप्रतिरोधक क्षमता, अधिकतापअवरोधक क्षमता इत्यादि का उपयोग जर्मप्लाज्म में करने से राज्य हेतु अधिक उपयुक्त कुक्कुट नस्ल विकसित हो पाएगी।

## मंत्री गजेन्द्र हुए शामिल

# द्वारिकाधीश अवतारी बाबा रामदेव की निकली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा में द्वारकाधीश अवतार बाबा रामदेव का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया।

- बाबा रामदेव के जन्मोत्सव कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव हुए शामिल
- समापन के दिन भंडारा का आयोजन, सामाजिक प्रतिनिधि हुए शामिल

कार्यक्रम के अंतिम दिन शाम 6:30 बजे आरती के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा दुर्ग से प्रारंभ होकर नाका चौक, पुराना गंज मंडी चौक, शनिचरी बाजार, गांधी चौक, तमेर पारा, लुचकी तालाब चौक, इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड, भाजपा कार्यालय होते हुए वापस बाबा रामदेव मंदिर पहुंची। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव शामिल हुए। उन्होंने मंदिर में बाबा रामदेव जी के दर्शन कर माथा टेका व प्रदेश के विकास व खुशहाली के लिए मनोकामना की।

बाबा जन्मोत्सव की उन्होंने समस्त भक्तों को बधाईयाँ दी व बाबा रामदेव के दिये संदेशों को जीवन में धारण करने की बात कही। कार्यक्रम की विशाल श्रृंखला के लिए उन्होंने बाबा रामदेव मंदिर समिति एवं माहेश्वरी पंचायत दुर्ग को बधाई दी। कथा वाचक बालयोगी पं विष्णु अरोड़ा, जावरा, मध्यप्रदेश द्वारा प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों पर राम कथा पर व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष माहेश्वरी पंचायत अशोक राठी, अध्यक्ष बाबा रामदेव मंदिर समिति मुकेश राठी, सचिव डॉ. शंकर दम्माणी, महेश टावरी, आनंद राठी, रामदेव टावरी, चंद्रकांत राठी, आनंद चांडक, गोपाल राठी सहित अन्य मौजूद थे।

# चेंबर के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पहुंचे भिलाई, व्यापारियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



- भिलाई चेंबर के पदाधिकारियों ने किया सम्मानित

छतीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी उद्योग चेम्बर के लिए निर्यात नीति पर चर्चा करने विशेष रूप से भिलाई पहुंचे। इसके पूर्व पूर्व कुम्हारी के व्यापारियों ने कुम्हारी में उनका स्वागत किया। भिलाई 3 के व्यापारी सिरसा चौक पर उनसे मिले। इंडस्ट्रीज क्षेत्र में छावनी चौक, जेपी चौक पर भी भव्य स्वागत किया गया। चेम्बर कार्यालय में श्रीफल समर्पित कर कार्यालय में प्रवेश किया। सतीश थोरानी ने कहा कि सार्थक व सकारात्मक प्रयास की गूंज पूरे प्रदेश में है। व्यापारियों के लिए हमेशा तत्पर रहकर शासन के साथ सेतु का कार्य करते हैं। निर्यात कर और जीएसटी के संशोधन पर सरकार का आभार करते हुए कहा कि इस संशोधन से व्यापारी और ग्राहक दोनों को लाभ होगा। स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अजय भसीन, गारगी शंकर मिश्रा, निकेश बरडिया, दिनकर बासोतिया, प्रभुनाथ बैठा, इंदरजीतसिंह, जेपी गुप्ता, अजीत सिंह, सुमन कनौजे, सरोजनी पाणिग्रही, अनिल अग्रवाल, मनोहर कृष्णानी सहित अन्य मौजूद थे।

# शान्ताराम का निधन राष्ट्रभक्त समाज के लिए अपूर्णीय क्षति

**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक शान्ताराम का निधन हो गया। जानकारी के बाद सांसद विजय बघेल उनके घर पहुंचे। बघेल ने कहा कि उनका निधन न केवल संघ संगठन के लिए, अपितु सम्पूर्ण राष्ट्रभक्त समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। शान्ताराम का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, संगठन निर्माण, सांस्कृतिक जागरण और समाज जागृति के लिए समर्पित रहा। वे सादा जीवन, उच्च विचार और कठोर तप की प्रतिमूर्ति थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण संगठन की सेवा और भारत माता के यश के लिए अर्पित किया।

मूल रूप से महाराष्ट्र के निवासी रहे शान्ताराम ने अपना कार्य प्रारंभ मध्यप्रदेश के सागर जिले में जिला प्रचारक के रूप में किया। इसके बाद वे रायपुर विभाग प्रचारक, छत्तीसगढ़ प्रांत प्रचारक, मध्य क्षेत्र के प्रचार



प्रमुख एवं सम्पर्क प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों पर रहे। उनकी कार्यशैली, अनुशासन, आत्मनिष्ठा और नेतृत्व क्षमता ने संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। वे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने संगठन की विचारधारा को अपने जीवन में पूर्ण रूप से आत्मसात किया और उसे व्यवहार उतारा। बघेल ने वीवाई हॉस्पिटल पहुंच कर दिवंगत के अंतिम दर्शन किए।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जारी किया आदेश, तत्काल प्रभाव से लागू

# प्रशासनिक कसावट के लिए अपर, संयुक्त और डिप्टी कलेक्टरों में कार्य विभाजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले में पदस्थ अपर, संयुक्त और डिप्टी कलेक्टरों के कार्यों और जिम्मेदारियों का विभाजन किया है। उन्होंने शनिवार को इसे लेकर आदेश जारी किया। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। अपर कलेक्टरों में अभिषेक अग्रवाल, योगिता देवांगन एवं वीरेन्द्र सिंग के मध्य कार्य विभाजन किया गया है।

अभिषेक अग्रवाल को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट दुर्ग के न्यायालयीन कार्य, रोस्टर के अनुसार तहसील, अनुविभाग कार्यालय, उप पंजीयक कार्यालय, जनपद कार्यालय का निरीक्षण, समयावधि में पेश शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण, शस्त्र अनुज्ञप्ति स्वीकृति एवं नवीनीकरण आदेश के पश्चात लाइसेंस बुक तथा लाइसेंस पंजी के प्रविष्टियों पर हस्ताक्षर एवं




सत्यापन, अस्थाई पटाखा लाइसेंस का नवीनीकरण, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, नोडल अधिकारी धान उपार्जन, धान संग्रहण, नोडल अधिकारी कस्टम मिलिंग, नोडल अधिकारी एग्रीस्ट्रेक परियोजना, नोडल अधिकारी डिजिटल कॉप सर्वे, नोडल अधिकारी वेटलैंड सर्वे, नोडल अधिकारी वन भूमि सत्यापन सहित अन्य जिम्मेदारी सौंपी गई है। योगिता देवांगन को न्यायालय अपर कलेक्टर दुर्ग, धमधा, पाटन अनुभाग के अंतर्गत भू-राजस्व संहिता से संबंधित अपील पुनरीक्षण एवं पुनर्विलोकन प्रकरण, अवैध उत्खनन, शासकीय कर्मचारियों के वारिसान प्रमाण पत्र, भवन के किराया निर्धारण, नजूल एवं नजूल जांच से संबंधित समस्त नस्तियों एवं प्रकरणों सहित अन्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वीरेन्द्र सिंह को न्यायालय अपर कलेक्टर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य निर्वाचन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन, परिसीमन, राजस्व विभाग से संबंधित विधानसभा प्रश्नों की जानकारी समय पर भेजने हेतु नस्ती कलेक्टर के समक्ष पेश करना, जिले में प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों का निराकरण (आरबीसी 6-4) सहित अन्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अन्य अधिकारियों के कार्यों का भी विभाजन किया गया है।

### आस्था : ढोल-नगाड़ों, डीजे और भक्ति गीतों की धुन पर बच्चे, युवा और बुजुर्ग झूमते-नाचते हुए शोभायात्रा में हुए शामिल

# धूमधाम से हुआ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

नगर में ग्यारह दिवसीय गणेश उत्सव का समापन शनिवार को हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ हुआ। सुबह से ही नगर के विभिन्न पंडालों में तैयारियां शुरू हो गई थीं। श्रद्धालु सजे-धजे रथों और वाहनों में प्रतिमाएं विराजमान कर विसर्जन यात्रा के लिए निकले। ढोल-नगाड़ों, डीजे और भक्ति गीतों की धुन पर बच्चे, युवा और बुजुर्ग झूमते-नाचते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए।

बस स्टैंड, शंकर नगर, देवांगन पारा, महामाया पारा, बावा पारा, मिश्रा पारा, बावली पारा सहित नगर के सभी प्रमुख पंडालों से गजानन की प्रतिमाएं आकर्षक झांकियों के साथ निकाली गईं। रंग-बिरंगी रोशनी और भव्य सजावट से सजे पंडालों की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं का मन मोह ले रही थीं।

शोभायात्रा मानाबंद तालाब पहुंची, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साक्षी बने। गगनभेदी नारों— "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान भी मौजूद रहे। वे शोभायात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं संग जमकर थिरके। उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव नगर की आस्था, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। जिस तरह सभी समाज इस पर्व को मिलकर मनाते हैं, उसी भावना से नगर का विकास भी संभव है।

नगर पंचायत और पुलिस प्रशासन ने शोभायात्रा मार्ग पर सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और सफाई की विशेष व्यवस्था की। ढोल-ताशों की थाप और भक्तों के उत्साहपूर्ण जयघोष के बीच गजानन की प्रतिमाओं का



विधिवत पूजन कर विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने नगर की सुख-समृद्धि और शांति की कामना करते हुए अगले वर्ष बप्पा के पुनः आगमन का आशीर्वाद मांगा।

**विघ्नहर्ता की विदाई भक्तों की आंखें भर आईं-** रविवार को ग्राम मुरता की गलियों में बप्पा की मनमोहक प्रतिमाएं गांव भ्रमण के लिए निकली। भक्तों ने मंगल आरती के साथ बप्पा को विदाई दी। गणेश चतुर्थी से शुरू हुए महोत्सव में भक्तों ने पंडालों में स्थापित गणपति की प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना की।

गाजे-बाजे और डीजे की थाप पर झूमते भक्तों के बीच गोपाल भैना केवट पारा में गणेश प्रतिमा का विसर्जन हुआ। छवि, गजेन्द्र, नंदू, ओमप्रकाश, आनंद, संतोष, सुरेश, मुकेश, राकेश, महेश समेत ग्रामीणों ने जयकारों के बीच भागीदारी निभाई।



## विधि-विधान के साथ हुआ भगवान श्री गणेश का विसर्जन



**बेमेतरा।** रक्षित केन्द्र बेमेतरा पुलिस कॉलोनी में विगत 11 दिनों से स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का विधि-विधान एवं पूर्ण श्रद्धा भाव धूमधाम से विसर्जन किया गया। इस अवसर पर पुलिस परिवार के सदस्यों ने अनंत चतुर्दशी के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। हवन-पूजन के पश्चात भंडारा एवं प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें पुलिस परिवार के सभी महिला, पुरुष एवं बच्चों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन की तरह भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिससे पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। रविवार सुबह भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को शोभायात्रा के रूप में बाजे-गाजे, हरि-कीर्तन और उत्साहित माहौल में नाचते-गाते हुए विसर्जन के लिए ले जाया गया। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष लगाए। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में पुलिस परिवार के सदस्य, महिलाएं, बच्चे और श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान श्री गणेश के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त की।



## विधिवत हुआ गणेश प्रतिमा विसर्जन

**देवरबीजा।** विकासखण्ड बेरला अंतर्गत आने वाले पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिंदी माध्यम विद्यालय में गणेश चतुर्थी उत्सव बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन की विशेषता यह रही स्कूल के छात्रों ने अपने हाथों से भगवान गणेश की प्रतिमा तैयार की और पूरे विद्यालय परिवार ने मिलकर उसकी स्थापना की। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कोमल देवांगन, प्राचार्य हीरालाल साहू, शिक्षकगण दीनानाथ साहू, महेश निषाद, स्निग्धा रॉय, श्वेता द्विवेदी, सुनीता गुप्ता, राधिका साहू, हर्ष वैष्णव, जंयत चटर्जी, मनीषा ठाकुर, वर्षा ठाकुर, मंजूषा चंद्रवंशी, नीलेश कुमार साव तथा दोनों पाली के विद्यार्थी उपस्थित रहे। पूरे उत्सव में शिक्षक नीलेश कुमार साव एवं जयंत चटर्जी का विशेष योगदान रहा। उन्होंने बच्चों को मूर्ति-निर्माण कला के लिए प्रेरित किया और उन्हें प्रतिमा बनाने में सहयोग दिया। विद्यार्थियों ने स्वयं विद्यालय में गणेश उत्सव मनाने की इच्छा जताई जिसे प्राचार्य एवं शिक्षकों ने सराहा और व्यक्तिगत व आर्थिक सहयोग प्रदान किया। अनुशासन प्रभारी नवीन राजपूत, प्रियांश पटेल, खिलेश पाटिल ने अपने साथियों संग मिलकर मूर्ति-निर्माण की जिम्मेदारी निभाई। वहीं सांस्कृतिक प्रभारी रुद्र अंद्रस्कार, खेल प्रभारी नामेश साहू, लोमशसाहू, आयुष देवांगन, हिमांनी साहू, मधु एवं उनकी टीम ने पंडाल सजाया और पूजा सहित सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई। सप्ताहभर पूजन-अर्चन, भजन एवं विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के बाद गणेश प्रतिमा का विसर्जन समारोह उत्साह और धूमधाम से संपन्न हुआ।

**खबर संक्षेप**

### सैगोना स्कूल में धूमधाम से मनाया शिक्षक सम्मान समारोह



**थानखमरिया।** विकासखण्ड साजा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सैगोना में 5 सितम्बर को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शाला प्रबंधन एवं विकास समिति व ग्राम के गणमान्य जनों, माता-पिता, पालकों, पूर्व माध्यमिक तथा हाई स्कूल के विद्यार्थियों की उपस्थिति में सैगोना के समस्त विद्यालयों में कार्यरत प्राचार्य, प्रधान पाठक, शिक्षकों, व्याख्याताओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में युवराज साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सैगोना, भंजन सिंह वर्मा अध्यक्ष हाई स्कूल सैगोना, चोवाराम वर्मा अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शाला, चम्पेश्वर वर्मा, शिक्षा विद् संदीप सिन्हा, कुलदीप सिन्हा, जगदीश सिन्हा, घनश्याम साहू, पंचराम सिन्हा, शिक्षक समुदाय से प्राचार्य नलेश्वर साहू, व्याख्याता अनिल तिवारी, ज्योति टांडेकर, प्रधान पाठक ममता तिवारी, शिक्षिका प्रेमास्मृति कंवर, वर्षा रानी शर्मा, अविनाश वर्मा सहित प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

### ठेठवार समाज की जितेंद्र यदु बने जिलाध्यक्ष



**बेमेतरा।** ठेठवार समाज की बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस बैठक में जिलाध्यक्ष और महासचिव के पद के लिए नाम प्रस्तावित किए गए और आपसी सहमति से निर्णय लिया गया। नवनियुक्त पदाधिकारीयों में जिलाध्यक्ष जितेंद्र यदु का नाम आया, जिसमें सामाजिक जनों के द्वारा तीन नाम प्रस्ताव रखा गया था और एक सदस्य ने अपना नाम वापस कर दिया था। इसके उपरांत जितेंद्र यदु को अध्यक्ष बनाया गया
जिला महासचिव मेघनाथ यादव का आपसी सहमति से चुना गया ।नवनियुक्त अध्यक्ष व महासचिव की नियुक्ति से यादव समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण रहा ।
बैठक की शुरुआत इष्ट देव श्री राधा कृष्णा जी की पूजा- अर्चना से हुई। इस बैठक में काफी संख्या में सामाजिक बंधु एकत्रित हुए थे, जिसमें ठेठवार समाज के विभिन्न सदस्य शामिल थे।
बैठक का संचालन संतोष कुमार यादव और तिरिथ यदु द्वारा किया गया। युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भानुप्रताप द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# दो अलग-अलग मामलों में चार गांजा तस्कर गिरफ्तार

## पाण्डातराई व पोंड़ी पुलिस ने की कार्यवाही






■ गांजा बेंचने की जुगत भिड़ा रहे थे गिरफ्त में आए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर लगातार कड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने एक बार फिर नशीले पदार्थ का कारोबार करने वालों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।

जानकारी के मुताबिक थाना पाण्डातराई एवं चौकी पोड़ी थाना बोड़ला पुलिस ने दो अलग-अलग कार्यवाहियों में कुल 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। पहली कार्यवाही में पाण्डातराई पुलिस ने गत सितम्बर को अपराध क्रमांक 141/2025 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी मनहरण चंद्राकर पिता रामनिहौरा चंद्राकर निवासी ग्राम कोयलारीडीह थाना पिपरिया तथा राजा यादव पिता गोपाल यादव निवासी ग्राम पथरी चौकी दामापुर थाना कुण्डा को दबोचा है। पुलिस ने दोनों के संयुक्त कब्जे से सफेद रंग के थैले में रखा अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद कर मौके पर पंचनामा, पहचान, तौल एवं सीलिंग की सभी कानूनी कार्यवाहियां पूर्ण कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी पाण्डातराई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक रघुवंश पाटिल, आरक्षक पुरुषोत्तम वर्मा एवं उनकी टीम की सक्रिय भूमिका रही।

इसी प्रकार दूसरी कार्यवाही में चौकी पोड़ी थाना बोड़ला पुलिस ने 6 सितम्बर को ही अपराध क्रमांक 0/2025 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी विनोद साहू पिता स्व. कोमल साहू निवासी कुटकीपारा थाना कवर्धा तथा सुनील कुमार गेण्ड्रे पिता दुर्गा प्रसाद गेण्ड्रे निवासी जेवड़न खुर्द थाना कवर्धा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इन आरोपियों के कब्जे से सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में रखा गांजा जब्त किया गया, जिसका कुल वजन 1 किलो 30 ग्राम पाया गया। मौके पर विधिवत पंचनामा, तौल, पहचान एवं सीलिंग की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी पोड़ी उप निरीक्षक लक्ष्मीनारायण साव, सहायक उप निरीक्षक बलदाऊ भट्ट, प्रधान आरक्षक खूबी राम साहू, प्रधान आरक्षक बलदाऊ सत्यवंशी, आरक्षक हेमंत भट्ट, अंजोर कुर्रे, मनहरन शोरी तथा आसिफ खान की भूमिका उल्लेखनीय रही। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह ने कहा है कि जिले में नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जाएगा। समाज और विशेषकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले इन अपराधियों को कानून के शिकंजे में कसकर कठोर दंड दिलाया जाएगा। जिले में नशे के कारोबार को जड़ से समाप्त करने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है और यह अभियान आगे भी और अधिक सख्ती के साथ जारी रहेगा।

# धूमधाम से किया गया भगवान श्री गणेश का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/नारायणपुर

ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित ग्रामीण अंचलों के विभिन्न गांवों में उत्सव इस बार भी श्रद्धा भक्तिपूर्वक और उत्साह के साथ मनाया गया, जहां गांव सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में गणपति बप्पा की भव्य प्रतिमाओं की पूजा अर्चना के बाद विधिवत विसर्जन किया गया, जहां गांव-गांव में गणेश मंडलों द्वारा आयोजित दस दिवसीय उत्सव में भजन कीर्तन हवन सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामूहिक सेवा ने भक्ति भाव को और गहरा किया, वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने भी घरों में मिट्टी के बप्पा को विराजमान किया, तो वहीं बड़े -बडे पंडालों में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश की मूर्ति स्थापना कर दिन रात सेवा और आराधना में हिस्सा लिया।

भक्ति और भावनाओं का मिलन; जहां



विसर्जन के दौरान पूरे क्षेत्र में ढोल नगाड़ों और डीजे की धुन व थाप गुलाल की उड़ान और फुलो की वर्षा ने माहौल को भक्तिमय बना दिया, जहां सैकड़ो श्रद्धालुओं ने तालाबों पर एकत्रित होकर भगवान गणपति को नमः आंखों से विदाई दी।

वही रंगों और फूलों के साथ बप्पा को विदाई दी, युवाओं की टोलिया ने झांकियो और संगीत डीजे पर जूलूस निकाला जिसमें महिलाएं बच्चे युवा वर्ग सहित बुजुर्गों ने भी उत्सव से भाग लिया और गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से आसमान गुण उठा, वही विसर्जन के दौरान हर स्थान पर प्रसाद वितरण एवं सेवा कार्यों का आयोजन किया गया इस दौरान गणपति बप्पा के विदाई के क्षणों में जहां आंखें नमः हुई, वहीं आस्था और उत्सव का भाव और गहरा हो गया, श्रद्धालुओं ने यह संकल्प लिया कि अगले वर्ष और अधिक उत्साह श्रद्धा और सेवा भावनाओं के साथ बप्पा का आगमन करेंगें, इस दौरान गांव में भाईचारे सहयोग और समर्पण की भावनाओं ने समाज को एक सूत्र में बांध दिया और भक्ति भाव के साथ भगवान श्री गणेश का विसर्जन किया गया।

## अजय चन्द्रवंशी भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी नियुक्त

■ पतंजलि कार्यालय कवर्धा में आयोजित की गई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पतंजलि कार्यालय कवर्धा में गत दिनो बैठक आयोजित कर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दायित्व सौंपा गया।



बैठक में मुख्य रूप से पतंजलि योग पीठ हरिद्वार से आए स्वामी नरेंद्र देव, तीनो प्रान्त के भारत स्वाभिमान न्यास के प्रभारी संजय अग्रवाल, पतंजलि योग समिति प्रान्त प्रभारी मनोज पाणिग्रही, युवा भारत प्रान्त प्रभारी जयंत भईया, किसान सेवा समिति प्रान्त प्रभारी गणेश तिवारी, पतंजलि योग समिति रायपुर जिला प्रभारी राम, भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रान्त प्रभारी छवीलाल, हेमंत, कबीरधाम जिला के पाचों संगठन के जिला प्रभारी, चारों तहसील के तहसील प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए अजय चंद्रवंशी को भारत स्वाभिमान न्यास का जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला प्रभारी श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि जिस प्रकार से बाबा रामदेव ने योग, यज्ञ और स्वदेशी को बढ़ावा दिया है उसी को हम आगे बढ़ाते हुए जिले के सभी गांवों में जाकर योग यज्ञ और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का प्रचार प्रसार करेंगे और योग को घर-घर, जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। वहीं उन्होने सौंपे गए दायित्व का पूरी निष्ठा के साथ निर्वाहन करने का भरोसा दिया।

श्री चन्द्रवंशी को भारत स्वाभिमान न्यास का जिला प्रभारी बनाए जाने पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।

## शिक्षकों का हुआ सम्मान



**नवागढ़।** नगर में शिक्षक दिवस के अवसर पर श्रीरामकृष्ण मंदिर परिसर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में नगर के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित शिक्षकों को शाल-श्रीफल एवं प्रतीकचिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर के महंत सुरेंद्र दास ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही समाज के वास्तविक निर्माता हैं, जिनके मार्गदर्शन से नई पीढ़ी उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होती है।

सम्मानित शिक्षकों में ओमकार प्रसाद पयासी, सुमंत किशोर वैष्णव, जेजी गोस्वामी, सुखनंदन सोनी, सालिक श्रीवास्तव, चंद्रकांत महोबे, शुशीला सोनी, गंगा जैन, लता चन्द्राकर, श्रीकांत शर्मा, जग्गू चन्द्राकर, सुरेंद्र दिवान, नारायण निर्मलकर, कुमार वर्मा, दीपचंद देवांगन, हेमकांत यादव, केवलराम सोनी, श्रद्धा शुक्ला सहित अनेक शिक्षकों के नाम शामिल रहे।

समारोह में नगर के प्रबुद्ध नागरिकों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें सौरभ ताम्रकार,नंद कुमार गुप्ता, डॉ. मिलापराम साहू, देवेंद्र धर दिवान, मिंटू बिसेन, अरुण बरनवाल, रामनारायण पाठक, दिव्यम शुक्ला, तुलसी राम चौहान, रामनाथ ध्रुव, लक्ष्मीचंद जैन, के.के. मिश्रा, पुनीत राम सिन्हा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पुरोहित संघ के महंत बनें मंडलेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की छत्तीसगढ़ इकाई में संगठन विस्तार एवं सनातन व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु बेमेतरा जिले में नई नियुक्तियां की गईं। यह नियुक्तियां नवागढ़ रामजानकी मंदिर, निर्वाणी अखाड़ा के महंत सुरेंद्र दास द्वारा, संघ के प्रदेश संयोजक डॉ. सौरव निर्वाणी की अनुशंसा पर की गई हैं।थानखाम्हारिया जमात मंदिर के महंत बसंत दास को संघ जिला मंडलेश्वर नियुक्त किया गया, मरका के आचार्य, भागवताचार्य दिनेश शास्त्री को जिला महासचिव का दायित्व प्रदान किया गया वहीं कुसमी स्थित राधाकृष्ण मंदिर के पुजारी, पंडित व्यास नारायण शर्मा को बेमेतरा मंडल अध्यक्ष (मंडलेश्वर)की जिम्मेदारी सौंपी गई।



इन नियुक्तियों की सूचना संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देवकुमार बालादास निर्वाणी को संघ के सदस्यता सह प्रभारी श्री रूपेश पचौरी द्वारा प्रेषित की गई, जिन्होंने नव नियुक्त पदाधिकारियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

प्रदेश संयोजक डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा कि "अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ सनातन धर्म की आत्मा है, जिसका आधार मंदिर, पुजारी और पुरोहित परंपरा है। बेमेतरा जिले में जो नियुक्तियां की गई हैं, वे न केवल संगठन को मजबूत बनाएंगी, बल्कि गांव- गांव और जन-जन तक सनातन धर्म की शिक्षा, संस्कार और सेवा को पहुंचाने का कार्य करेंगी। महंत बसंत दास, आचार्य दिनेश शास्त्री और पंडित व्यास नारायण शर्मा जैसे विद्वान, आचार्य और तपस्वीजन अब जिले की जिम्मेदारी संभालेंगे, जिससे धर्म-समाज को नई दिशा मिलेगी। हमारा संकल्प है कि मठ-मंदिर, पुजारी और आचार्यजन की स्वतंत्रता, गरिमा और सेवा परंपरा को अक्षुण्ण रखते हुए समाज में संगठन, शिक्षा और धर्मप्रचार का प्रवाह बढ़ाया जाए। बेमेतरा जिले में संघ अब और भी मजबूत होकर कार्य करेगा। यह केवल संगठन की नियुक्ति नहीं, बल्कि धर्म और परंपरा की रक्षा का अभियान है।"

इन नियुक्तियों पर शुभकामनाएं प्रकट करने वालों में महंत सुरेंद्र दास (नवागढ़ रामजानकी मंदिर, निर्वाणी अखाड़ा),श्री देवकुमार बालादास (राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ)श,रूपेश पचौरी (सदस्यता सह प्रभारी),कथा वाचक हेमंत दास,महंत नंदकिशोर दास (निर्मोही अखाड़ा),डॉ. रविंद्र द्विवेदी,राघवेंद्र दास,पंडित योगेश पचौरी तथा समस्त संत समाज एवं मठ-मंदिर परिवार के सभी ने एक स्वर में कहा कि इन नियुक्तियों से बेमेतरा जिले में पुजारी-पंडित समाज और अधिक सशक्त होगा तथा सनातन धर्म की जड़ों को मजबूती मिलेगी।

### साइबर सेल ने 97 मामलों में 40 लाख रुपए लौटाए लोगों को मिली बड़ी राहत

**कवर्धा।** ऑनलाइन ठगी के मामलों में जहां लोगों की रकम वापस मिलना मुश्किल होता है, वहीं कबीरधाम पुलिस ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। साइबर सेल कबीरधाम ने अब तक 97 प्रकरणों में करीब 40 लाख रुपये पीड़ितों को वापस कराए हैं। यह काम पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा साइबर सेल डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर की देखरेख में किया गया। गृह मंत्रालय के साइबर पुलिस पोर्टल और टोल-फ्री नंबर की मदद से ठगी की गई रकम को तुरंत होल्ड कर वापस दिलाया गया। इस कार्य में निरीक्षक महेश प्रधान, सहायक उप निरीक्षक चंद्रकांत तिवारी, आरक्षक आकाश राजपूत, मनीष कुमार, शिवम मण्डावी, अजय यादव और उपेन्द्र सिंह का योगदान सराहनीय रहा।

